>

Title: Need to improve the mobile services provided by MTNL and BSNL in the country- laid.

श्री रघुवीर सिंह कौशल (कोटा) : अध्यक्ष महोदय, भारत संचार निगम लिमिटेड और महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड सार्वजनिक उपक्रम है। इनकी मोबाईल सेवा की गुणवत्ता अच्छी नहीं है, ब्रॉड बैंड कनैक्शन मांग के अनुरूप नहीं दिए जा रहे हैं, लाखों गांव डब्ल्यूएलएल टेलीफोन के दायरे से बाहर हैं। इनके कर्मचारी कई बार हड़ताल कर व्यवस्था सुधार और आवश्यक उपकरणों की खरीद की मांग कर चुके हैं। इनकी कमी के कारण मोबाइल मिलता नहीं है, मिल जाए तो आवाज सुनाई नहीं देती, बात होते होते कट जाती है, दुबारा मिलाओ तो मिलता नहीं है।

मैं आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि इसकी गुणवत्ता सुधार के लिए सभी आवश्यक प्रयत्न होने चाहिए। जरूरी उपकरण खरीदे जाने चाहिए, रिक्त पदों को भरा जाना चाहिए, आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाकर गुणवत्ता सुधार द्वारा उपभोक्ताओं को असुविधा से बचाया जाना चाहिए। इस हेतु प्रभावी कार्रवाई करवाए जाने का श्रम करें।

* Treated as laid on the Table